गृह मंत्रालय
पूर्वोत्तर प्रभाग
****

ब्रू प्रवासियों का पुनर्वास

1. अक्टूबर 1997 में मिजोरम के पश्चिमी भाग में जातीय हिंसा के कारण बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक ब्रू (रियांग) परिवार 1997-1998 में उत्तरी त्रिपुरा में चले गए। लगभग 30,000 ब्रू प्रवासियों (5,000 परिवार) को उत्तरी त्रिपुरा के कंचनपुर जिले में स्थापित छह राहत शिविरों में आश्रय दिया गया था।

2. ब्रू जनजाति का मिजोरम को प्रत्यावर्तन 2010 में शुरू किया गया और 2014 तक, लगभग 1622 ब्रू परिवारों (8,573 व्यक्ति) को छह बैचों में प्रत्यावर्तित किया गया और फिर से मिजोरम में बसाया गया।

3. त्रिपुरा के अस्थायी शिविरों में रहने वाले 32,876 व्यक्तियों सहित 5,407 ब्रू परिवारों के प्रत्यावर्तन के लिए 3 जुलाई, 2018 को भारत सरकार, मिजोरम सरकार, त्रिपुरा सरकार और मिजोरम ब्रू डिसप्लेस्ड पीपुल्स फोरम (एमबीडीपीएफ) के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। उसके परिणामस्वरूप, 30.11.2019 तक समझौते के तहत 1369 व्यक्तियों सहित 328 परिवार मिजोरम लौट आए। ब्रू परिवारों द्वारा निरंतर यह मांग की जा रही है कि उनकी सुरक्षा को लेकर उनकी आशंकाओं को देखते हुए उन्हें त्रिपुरा में बसाया जाए।

4. ब्रू परिवारों की मांग को ध्यान में रखते हुए और ब्रू परिवारों के पुनर्वास के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे के स्थायी समाधान पर पहुंचने के लिए, भारत सरकार, मिजोरम सरकार, त्रिपुरा सरकार द्वारा ब्रू प्रवासियों के प्रतिनिधियों के साथ 16.01.2020 को लगभग 661.00 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता/पैकेज के साथ त्रिपुरा में ब्रू (रियांग) की स्थायी व्यवस्था लिए एक नए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के अनुसार, प्रत्येक ब्रू परिवार 4 लाख रुपये के सावधि जमा (एफडी), 2 साल के लिए 5000/- प्रति माह की नकद सहायता और मुफ्त राशन, 1,50,000/- रुपये की गृह निर्माण सहायता (एचबीए), 30x40 वर्ग फुट की भूमि के एक भूखंड और पुनर्वास के स्थान पर मुफ्त परिवहन का हकदार होगा। त्रिपुरा सरकार से दिनांक 13.01.2023 को प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब तक, 6179 परिवारों को चिह्नित 11 स्थानों पर बसाया गया है, जिनमें से 5668 परिवारों को एचबीए जारी किया गया है और 2689 घरों का निर्माण पूरा किया गया है। सभी ब्रू लाभार्थियों को सीधे डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाता है।

वित्त वर्ष 2014-15 से ब्रू प्रवासियों के लिए मिजोरम सरकार और त्रिपुरा सरकार को पुनर्वास योजनाओं (अनुदान सहायता) के लिए जारी व्यय/निधि का वर्षवार विवरण।

(रु. करोड़ में)

वर्ष	त्रिपुरा	मिजोरम
2014-15	35.00	4.70
2015-16	30.00	5.00
2016-17	22.26	7.50
2017-18	25.14	16.50
2018-19	45.17	50.00
2019-20	28.38	100.00
2020-21	140.00	0
2021-22	130.12	0
2022-23 (28.2.2023 तक)	120.16	0

****